No. of Printed Pages/Questions: 4/13

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Half Yearly Examination (2018 – 2019)

Class: IV **MM: 80**

Subject: Hindi **Time: 2 Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.

General Instructions:

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।

(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।

(3) निर्धारित समय–सीमा 2.00 +15 घंटे हैं।

(खण्ड 'क')

प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(2X3=6)**

एक गधा जब बीमार हो गया तब धोबी ने उसे खाना–पीना देना बंद कर दिया। वह बोझ नहीं ढो सकता था इसलिए धोबी के किसी काम का नहीं रहा। भूखे रहने से गधा बहुत कमज़ोर हो गया था। जिस खेत में भी कुछ खाने जाता सब उसे भगा देते। एक दिन उसे शेर की खाल मिली। वह खाल को पहनकर हर रोज़ रात के समय खेत में घुस जाता और भरपेट खा लेता। किसान उसे शेर समझ कर छिप जाते। कमज़ोर गधे को मोटा होते देख गाँव वालों को शक हुआ। उन्होंने उसका पीछा किया। सारा राज़ खुल गया। सबने गधे की खूब पिटाई की।

क) गधा कमज़ोर क्यों हो गया ?

ख) गधे को भरपेट भोजन कैसे मिलने लगा ?

ग) गधे का राज़ खुलने पर गाँव वालों ने क्या किया ?

प्र0 2 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(1X5=5)**

किसने बटन हमारे कुतरे ?
किसने स्याही को बिखराया ?
कौन चट कर गया दुबक कर?
घर–भर में अनाज बिखराया ?
दोना खाली रखा रह गया
कौन ले गया उठा मिठाई ?
दो टुकड़े तस्वीर हो गई
किसने रस्सी काट बहाई ?

क) शरारती जीव का नाम लिखिए।

ख) शरारती जीव ने अनाज कहाँ बिखराया ?

ग) किसके दो टुकड़े हो गए ?

घ) दोने से मिठाई कौन ले गया ?

ङ) शरारती जीव ने क्या कुतर दिया ?

(खण्ड 'ख')

प्र0 3 नीचे लिखे वाक्यों में सही अथवा गलत बताइए– **(1X5=5)**

क) भाषा को लिखने के लिए निर्धारित चिह्नों को लिपि कहते हैं।

ख) वर्ण तीन प्रकार के होते हैं।

ग) शब्द के दो प्रकार हैं।

घ) वाक्य के दो अंग हैं– उद्देश्य और विधेय।

ङ) जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है– खुशी।

प्र0 4 नीचे दिए गए शब्दों को रिक्त स्थान में भरिए– **(1X5=5)**

क) वर्णों के सार्थक समूह को ———————— कहते हैं।

ख) भाषा के ——————— कौशल होते हैं।

ग) 'बिलाव' का स्त्रीलिंग शब्द ———————— है।

घ) ————————— हमारी राजभाषा है।

ङ) 'वस्तु' का उदाहरण ———————— है।

प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(1X5=5)**

क) विशेषण किसे कहते हैं ?

ख) संख्यावाचक विशेषण के दो उदाहरण लिखिए।

ग) पुल्लिंग शब्द का दो उदाहरण लिखिए।

घ) वचन किसे कहते हैं ?

ङ) सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

(खण्ड 'ग')

प्र0 6 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखिए– **(1X5=5)**

उसी गाँव में मोहिनी नाम की एक स्त्री अपने इकलौते पुत्र राजू के साथ रहती थी। राजू कुल दो वर्ष का था। तभी उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। मोहिनी अकेले ही अपने खेत में काम करती और राजू की देखभाल करती। राजू अब दस वर्ष का हो गया था। वह अपनी माँ का बहुत ध्यान रखता था परंतु उसे एक बुरी आदत थी, वह बहुत गुड़ खाता था। गाँव के वैद्य जी ने राजू को समझाया–" ज़्यादा गुड़ खाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।"

क) राजू की माँ का नाम क्या था ?

ख) राजू कितने वर्ष का था ?

ग) राजू की क्या बुरी आदत थी ?

घ) वैद्य जी ने राजू को क्या समझाया ?

ङ) मोहिनी क्या करती थी ?

प्र0 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X7=14)

क) प्रारंभ में मनुष्य कहाँ रहता था ?

ख) पौली आंटी क्या जानती थी ?

ग) पुत्र अपने पिता की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाता था ?

घ) मुल्ला कुएँ में झाँकने के बाद क्या सोचने लगे ?

ङ) बैल के मालिक ने मुल्ला को क्या जवाब दिया ?

च) हंस को घायल देखकर सिद्धार्थ ने क्या किया ?

छ) टॉम को किस–किस ने क्या–क्या दिया ?

प्र0 8 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1X5=5)

अपना पथ कभी न छोड़ेंगे
अपना प्रण कभी न तोड़ेंगे
हिम्मत से नाता जोड़ेंगे
हम हिमगिरि पर चढ़ जाएँगे
भारत की ध्वजा उड़ाएँगे।
जननि की जय–जय बोलेंगे
अपनी ताकत को तोलेंगे
बढ़ द्वार विजय का खोलेंगे
हम धीर–वीर कहलाएँगे
भारत की ध्वजा उड़ाएँगे।

क) हम किसकी ध्वजा उड़ाएँगे ?

ख) हम क्या कहलाएँगे ?

ग) हम किसकी जय–जय बोलेंगे ?

घ) हम कहाँ चढ़ जाएँगे ?

ङ) हम किससे नाता जोड़ेंगे ?

प्र0 9 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (2X6=12)

क) कोयल कूक–कूक कर क्या करती है ?

ख) दिशा कब महकने लगती है ?

ग) माँ बच्चे को क्या–क्या देने को कहती है ?

घ) माँ ईश्वर से क्या प्रार्थना करती है ?

ङ) बालक कन्हैया बनकर क्या–क्या करना चाहता है ?

च) कवि ने कोयल की क्या पहचान बताई है ?

DS
26/9/18

प्र0 10 मिलान कीजिए– **(1X4=4)**

क)	विश्व	झोंपड़ी
ख)	कुटी	संसार
ग)	बरबाद	प्रभाव
घ)	असर	बेकार

प्र0 11 किसने, किससे कहा ? **(1X4=4)**

क) मैं उसे गुड़ खाने के नुकसान बताऊँगा तभी राजू अपनी आदत छोड़ सकेगा।

ख) मुझे भी एक बार पुताई करने दो बदले में मैं तुम्हें आधा सेब दूँगा।

ग) आज तुमने क्या कमाया ?

घ) चंदा मामा ! ओ चंदा मामा ! बिलकुल डरना मत।

(खण्ड 'घ')

प्र0 12 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए– **(5)**

परीक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।

अथवा

अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए बड़ी बहन को पत्र लिखिए।

प्र0 13 कोई एक कहानी लिखिए **(5)**

––––00––––